# Unit IV

## Money management

मनी मैनेजमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें आपके खर्चों और कमाई का पता लगाया जाता है। धन प्रबंधन एक आवश्यक कौशल है जिसे हर आम व्यक्ति को हासिल करना चाहिए और उसमें वृद्धि करनी चाहिए। धन प्रबंधन कौशल जीवन भर चलता है और बड़ी बचत और कम खर्च करने में मदद करता है। जब आप वित्तीय कौशल में अच्छे होते हैं तो जीवन बहुत आसान हो जाता है। इस (Money management skills) कौशल को प्राप्त करने के लिए जोड़ और घटाव जैसे बुनियादी गणित की आवश्यकता होती है।

आप पैसे कैसे खर्च करते हैं और आप अपने कर्ज का प्रबंधन कैसे करते हैं, इस बारे में थोड़ी सी सावधानी के साथ कोई भी इस कौशल को हासिल कर सकता है। कौशल जीवन भर चलता है और बड़ी बचत और कम खर्च करने में मदद करता है। जब आप वित्तीय कौशल में अच्छे होते हैं तो जीवन बहुत आसान हो जाता है। इस कौशल को प्राप्त करने के लिए जोड़ और घटाव जैसे बुनियादी गणित की आवश्यकता होती है। आप पैसे कैसे खर्च करते हैं और आप अपने कर्ज का प्रबंधन कैसे करते हैं, इस बारे में थोड़ी सी सावधानी के साथ कोई भी इस कौशल को हासिल कर सकता है।

१) अपने महीने का बजट बनाना
2) भुगतान की उचित ट्रैकिंग
3) मासिक खर्च की सीमा तै करना।
4) बड़ी खरीदारी पर पैसे बचाना
5) क्रेडिट कार्ड से खरीदारी सीमित करना
6) बचत को प्राथमिकता दें
7) UPI या नेट-बैंकिंग का इस्तेमाल करें
8) बजट के लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करें




### घर का बजट प्रबंधन करने से क्या अर्थ है

बजट बनाने का अर्थ घर के सभी खर्चों का हिसाब लगाने से कहीं बढ़कर है। इसके जरिए आप हिसाब लगा सकते हैं कि आपकी आय में से कितना खर्च होता है और कितना इसमें से बचाया जा सकता है। घर का बजट बनाने का अर्थ  है कि आप अपनी जीवन-शैली का अनुमान लगा रहे हैं। समय पर बिल भुगतान करना, कर्जों का सही समय पर निपटारा करना और अपने बचत, निवेश लक्ष्यों को हासिल करना भी इसी के अंतर्गत आता है।

घर का बजट बनाने का सबसे सही उपाय है कि आप खर्चों के लिए अलग-अलग लिफाफे बनाएं( किराए, बिजली बिल, कार ईएमआई इत्यादि) इसके जरिए आप बिल्कुल सही तरीके से जान पाएंगे कि कि कितना पैसा किस मद पर खर्च

हो रहा है। और अगर कुछ बचता है तो आप बची हुई राशि को अगले महीने के लिए बचाकर रख सकते हैं या फिर अपनी बचत के रूप में अलग भी रख सकते हैं।




**Saving and Investment**

हमारे बचत और निवेश प्लान ऐसे लाइफ़ इंश्योरेंस प्लान हैं जो आपको आपके पैसों को बचाने और बढ़ाने के बहुत से साधन उपलब्ध कराते हैं. इन ऑनलाइन निवेश प्लान से व्यवस्थित और भरोसेमंद निवेश में मदद मिलती है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आप और आपका परिवार अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सके।

**परिभाषा**

निवेश एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पैसे के मूल्य को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है अर्थात कुछ समय बाद आपको निवेश किये गए पैसे से अधिक पैसा मिलता है। दूसरे शब्दों में निवेश से तात्पर्य है अधिक पैसा कमाने के लिए अपने पैसे का उपयोग करना।

**निवेश से लाभ** उदाहरण के लिए आप सोना या संपत्ति खरीदते हैं जिसका मूल्य समय के साथ बढ़ता है। कुछ वर्षों बाद जब आपको पैसों की आवश्यकता होती है आप इन चीज़ों को अधिक कीमत पर बेचते हैं क्योंकि तब तक इनका मूल्य बढ़ चुका होता है।

**इंटरनेट बैंकिंग क्या है?**

इंटरनेट बैंकिंग वह प्रणाली है जो ग्राहक को उसके नेट बैंकिंग अकाउंट से वित्तीय और गैर-वित्तीय ट्रांन्जेक्शन करने की सुविधा प्रदान करती है। बैंक खाताधारक इंटरनेट पर जाकर नेट बैंकिंग अकाउंट, RTGS, NEFT आदि का उपयोग कर राशि ट्रान्सफर, बैंक अकाउंट बैलेंस चैक आदि कार्य कर सकते हैं। ग्राहक द्वारा उपयोग किया जाने वाला संसाधन कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल फोन की तरह एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हो सकता है। इंटरनेट वह माध्यम है जो तकनीक को संभव बनाता है।

इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा बैंकों के माध्यम से प्रदान की जाती है और ग्राहक को उसके लिए उपलब्ध सुविधा प्राप्त करने के लिए किसी भी बैंक में खाताधारक होना चाहिए।

**इंटरनेट बैंकिंग की विशेषताएं**

इस सुविधा का उपयोग करने वाला ग्राहक ट्रांन्जेक्शन और गैर-ट्रांन्जेक्शन संबंधी कार्य कर सकता है, जिसमें शामिल हैं:

ग्राहक अकाउंट स्टेटमेंट देख सकता है

ग्राहक संबंधित बैंक द्वारा किसी निश्चित अवधि में हुए ट्रांन्जेक्शन की जानकारी जान सकता है

बैंक, स्टेटमेंट, विभिन्न प्रकार के फॉर्म, एप्लिकेशन डाउनलोड किए जा सकते हैं

ग्राहक फंड ट्रांसफर कर सकता है, किसी भी तरह के बिल का भुगतान कर सकता है, मोबाइल,DTH कनेक्शन इत्यादि का रिचार्ज कर सकता है

ग्राहक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीद और बेच सकता है

ग्राहक व्यापार का निवेश और संचालन कर सकता है

ग्राहक परिवहन, यात्रा पैकेज और मेडिकल पैकेज बुक कर सकता है

ग्राहक को इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करने पर मिलने वाले लाभों की लिस्ट बहुत लंबी है।

**इंटरनेट बैंकिंग के लाभ**

ग्राहकों को कभी भी और कहीं भी उनके बैंक में स्थायी पहुँच प्राप्त होती है

तुरंत और सुरक्षिततत ट्रांन्जेक्शन

तत्काल फंड ट्रांसफर तत्काल पैसो कि आवश्यकता के समय ग्राहक की मदद करता है

यह ग्राहक का मूल्यवान समय बचाता है

**Savings Bank Account:** हम में से ज्यादातर लोग सेविंग बैंक अकाउंट (Saving Bank Account) का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपके लिए कौन सा सेविंग अकाउंट फिट रहेगा? क्योंकि, जरूरत के हिसाब सेविंग अकाउंट्स भी अलग-अलग होते हैं. कामकाजी लोगों के लिए अलग, बुजुर्गों के लिए अलग, महिलाओं के लिए अलग और बच्चों के लिए अलग तरह का सेविंग अकाउंट होता है. इस तरह कुल मिलाकर 6 तरह के सेविंग अकाउंट होते हैं.

**रेगुलर सेविंग्स अकाउंट (Regular savings account)**

ये कुछ बेसिक शर्तों पर खोला जाता है. इस तरह के अकाउंट में किसी तय रकम का रेगुलर डिपॉजिट नहीं होता है, इसका इस्तेमाल एक सेफ हाउस की तरह होता है, जहां पर आप अपना पैसा बस रख सकते हैं. इसमें मिनिमम बैलेंस की शर्त भी होती है.

**सैलरी सेविंग्स अकाउंट (Salary savings account)**

सैलरी अकाउंट कंपनियों की तरफ से उनके कर्मचारियों के लिए खोला जाता है. इसका इस्तेमाल कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए होता है. जब भी सैलरी देने का वक्त आता है, कंपनी के खाते से बैंक पैसा निकालकर कर्मचारियों के खाते में डाल देता है. इस तरह के अकाउंट के लिए कोई मिनिमम बैलेंस की शर्त नहीं होती है. अगर तीन महीने तक सैलरी नहीं आती है तो ये रेगुलर सेविंग अकाउंट में बदल जाता है.

**<u>सीनियर सिटिजंस सेविंग्स अकाउंट (Senior Citizens Savings Account)</u>**

ये बिल्कुल रेगुलर सेविंग्स अकाउंट की तरह ही काम करता है, लेकिन रेगुलर के मुकाबले सीनियर सिटिजंस को ये ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं. इसलिए सीनियर सिटिजंस को ये अकाउंट ही खुलवाना चाहिए क्योंकि इसमें ब्याज ज्यादा मिलता है. ये बैंक अकाउंट सीनियर सिटिजंस की सेविंग स्कीम्स से भी लिंक रहता है, जिससे पेंशन फंड या रिटायरमेंट अकाउंट्स से फंड निकाला जाता है और जरूरतें पूरी की जाती हैं.

**<u>महिला सेविंग अकाउंट्स (Women Saving Accounts)</u>**

इस तरह के बैंक अकाउंट खास तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं. जिसमें कई कुछ अलग तरह के फीचर्स होते हैं. महिलाओं को लोन पर कम ब्याज, डीमैट अकाउंट खोलने पर फ्री चार्ज और कई तरह की खरीदारियों पर डिस्काउंट ऑफर किए जाते हैं.